जो उज्जैन की शान है वो बाबा महाकाल है भजन लिरिक्स

जो उज्जैन की शान है,
वो बाबा महाकाल है।

दोहा – देवों के महादेव है जिनका,
बिगड़ी बनाना काम,
उज्जैन की पावन नगरी को,
झुक झुक करूँ प्रणाम।
क्षिप्रा के इस पावन तट पर,
बैठे है महाकाल,
काल भी जिनके दर पे आके,
बोले है महाकाल।

ये दिल कुर्बान है,
भोले जी मेरी जान है,
जो उज्जैन की शान है,
वो बाबा महाकाल है,
जो उज्जैन की शान हैं,
वो बाबा महाकाल है।bd।

जहाँ में तेरा नाम है,
तू देवों में महान है,
भोले जी तेरे नाम से,
हम सब की पहचान है,
निराली तेरी शान है,
ये दिल कुर्बान है,
जो उज्जैन की शान हैं,
वो बाबा महाकाल है।bd।

क्षिप्रा जी नहाकर जो,
भोले को मनाता है,
पाप मिट जाते है,
महिमा जो गाता है,
होता मालामाल है,
ये दिल कुर्बान है,
जो उज्जैन की शान हैं,
वो बाबा महाकाल है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

भस्म की आरती में,
भक्त जब आते है,
दिल को आराम मिला,
दरश जो पाते है,
जाने ये जहान है,
करे ये निहाल है,
ये दिल कुर्बान है,
जो उज्जैन की शान हैं,
वो बाबा महाकाल है।bd।

ये दिल कुर्बान है,
भोले जी मेरी जान है,
जो उज्जैन की शान हैं,
वो बाबा महाकाल है,
जो उज्जैन की शान हैं,
वो बाबा महाकाल है।bd।

Singer – Kapil Aleriya

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com